मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की किश्त पाकर खिले चेहरे

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का जिला स्तरीय में 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 650 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में 2 लाख 10 हज़ार से अधिक किसानों के खातों में 21 करोड़ 9 लाख से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से सीधे संवाद भी किया। सेमलपुरा निवासी किसान घीसू लाल धाकड़ ने मुख्यमंत्री से संवाद करते हुए बताया कि उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि की 17 किस्त मिल चुकी है, जिससे वे खाद, बीज, दवाइयां आदि खरीदते हैं। किसान घीसू ने बताया कि उन्हें सरकार की पेंशन योजना का लाभ भी मिल रहा है, जिसकी राशि सरकार ने 150 रुपए बढ़ाकर 1150 रुपए कर दी है। संवाद के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए भी सरकार से सहायता मिली है। इस दौरान विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने कहा कि सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है। आगे भी किसानों के हित में काम किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कलक्टर आलोक रंजन ने कहा कि खेती हमारे इतिहास का सबसे पुराना व्यवसाय है। वर्तमान समय में सरकार किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लाई है, जिनका लाभ किसानों को मिल रहा है। इस अवसर पर जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली, मिट्ठू लाल जाट, बद्री लाल जाट, सुरेश झंवर, प्रवीण सिंह, लक्ष्मण सिंह खोर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक राजेंद्र सिंघल सहित जन प्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं जिले भर के लाभान्वित किसान उपस्थिति रहे।

राजसमंद। केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजना मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पंजीकृत किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रुपए की राशि तीन किश्तों में दी जाती है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य के पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 2000 रुपए तीन किश्तों में देने का प्रावधान बजट में किया है। इस योजना के शुभारम्भ के लिए दोपहर 12 बजे टोंक जिले में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया जिससे राजसमंद के किसान जुड़े। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पात्र किसानों को 1000 रुपए की प्रथम किश्त का वितरण डीबीटी के माध्यम से किया और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा जिला स्तरीय समारोह में जुड़े हुए किसानों से संवाद किया। रा%य स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले का कार्यक्रम मार्बल गैंगसा एसोसिएशन भवन में आयोजित किया गया।

लाभार्थियों ने राज्य स्तरीय समारोह का लाइव टेलीकास्ट वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देखा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम को ऊर्जा विभाग के मंत्री, सहकारिता एवं नागारिक उड्डयन विभाग के मंत्री, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग के मंत्री और कृषि एवं उद्यानिकी व ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री ने संबोधित किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य के लगभग 65 लाख पात्र किसानों को डीबीटी के माध्यम से 1000 रुपए की प्रथम किश्त हस्तांतरित की। किसानों ने संवाद के दौरान यह स्वीकार किया कि राशि उनके खातों में प्राप्त हो चुकी है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने किसानों को लाभान्वित करने की दृष्टि से नई योजनाओं को वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की। जिला स्तरीय कार्यक्रम के अतिरिक्त प्रत्येक ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संबंधित एसडीएम, बीडीओ एवं पंचायत स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद् सीईओ और नोडल अधिकारी पीएम किसान एवं उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां राजसमंद द्वारा किया गया। राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दिशा में अनेक योजनाओं और नीतियों को लागू किया गया है, जिनका उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना, उनकी खेती को अधिक लाभदायक बनाना और उन्हें आवश्यक संसाधनों तथा तकनीकी सहायता प्रदान करना है। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि ऋण माफी योजनाए और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार जैसे कदम उठाए गए हैं ताकि किसानों को वित्तीय स्थिरता और सुरक्षा मिल सके। इसके अलावा, कृषि संबंधी शोध और नवाचार को प्रोत्साहन देकर सरकार किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने का प्रयास कर रही है, जिससे वें अपनी पैदावार और उत्पादकता को बढ़ा सकें। इन सभी प्रयासों का उद्देश्य एक सशक्त और समृद्ध किसान समुदाय का निर्माण करना है जो राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सके।

दीवाना हूं महाकाल का, उज्जैन के सरकार का.... सहित भजनों पर झूमे भक्त

सागवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। पीठ गांव कामधेनु होटल यजमान मोहन/देवराम जोशी के निवास पर मानस मण्डल सेवा संस्थान का 694वां संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया जिसमें दीवाना हूं महाकाल का उज्जैन के सरकार का..,नगरी हो अयोध्या सी रघुकुल घरान हो.. सहित भक्ति भरे भजन प्रस्तृत किए। इस पर भक्तजन झूमे साथ की 11 वर्ष के बाद विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में भारत के विश्व कप जीतने पर खुशी का ईजहार किया। प्रारम्भ में यजमान परिवार द्वारा रामजी,हनुमानजी की प्रतिमा पर तिलक,पुष्प माला पहनाकर पूजा अर्चना की गई व कर्मवीर सिंह राठौड, राजेन्द्र पंचाल ने गणपति पूजन, सरस्वती वंदना की एवं जितेन्द्र कलाल,बालमुकुद भट्ट टीम ने सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का गान। कार्यक्रम के दौरान पूर्व पार्षद मंडल अध्यक्ष किशोर भावसार, चेतन गोगरोत, जुगल किशोर सोनी, नकुल गोगरोत, नरेन्द्र सोमपुरा, प्रीतम पंचाल सहित कलाकारों ने दीवाना हूं महाकाल का उज्जैन के सरकार का.... नगरी हो अयोध्या सी रघुकुल घराना हो....,कौनसा मंत्र जपु में भगवन तुम धरती पर आओ....,है धन्य तेरी माया जग में ओ दुनिया के रखवाले.....,आ लौट के आजा हनुमान तुझे श्रीराम बुलाते है....,थे कहो तो साँवरिया में मोर मुकुट बन जाऊं .....सहित कई भजन प्रस्तुत किये जिस पर देर रात तक भक्तजन झुमे साथ ही को आठ बजे प्रारम्भ हूए विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में फाईनल में दक्षिण अफ्रीका से भारत के ग्यारह वर्ष के बाद विश्व कप जितने पर खुशी का इजहार किया। देश भक्त पर भजन प्रस्तुत किया। वाद्ययन्त्रों पर गोविंद दर्जी, सचिन रावल, धार्मिक पंचाल, उत्तम पंचाल, हेमंत भट्ट ने संगत दी। अन्त में नरेश शिवलहरी टीम ने हनुमान चालीसा का पाठ किया व यजमान मोहन जोशी परिवार द्वारा आरती उतारी प्रसाद वितरण किया गया। उमाशंकर भट्ट, भोगीलाल पाटीदार, कल्पेश जैन, जुगल जोशी, दिलीप भगोरा, धर्मेंद्र, जितेंद्र, अनुराग जोशी, नरेंद्र जोशी, भगवान जोशी, पोपटलाल लबाना, रोशन भट्ट, लोकेश भट्ट, रितिक जोशी, रामप्रवेश सहित आसपास क्षेत्र के कई धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

कार पलटी, एक की मौत, एक घायल

सीमलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। सीमलवाड़ा मंडली मार्ग पर तेज रफ्तार कार असंतुलित हो गई। इस हादसे में माल निवासी दिनेश/गोमना रोत उम्र 35 वर्ष की मौत हो गई व सीमलवाड़ा निवासी इस्माइल पटेल घायल हो गए। इलाज के लिए परिजन उन्हें अन्यत्र लेकर गए। मृतक के 4 लड़के 2 लड़की है । गुजरात में कारीगरी का काम करता था। बारिश होने से खेती के काम के लिए घर आने के लिए निकला था। रास्ते में हादसा हो गया। पुलिस को सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंच कर शव को सीमलवाड़ा अस्पताल मोर्चरी में रखवाया। परिजनों की ओर से रिपोर्ट प्राप्त कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की जाएगी। पुलिस प्रशासन मार्ग पर आने जाने वाले ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाएं।

महिला ने फांसी लगा आत्महत्या की

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। चंदेरिया थाना क्षेत्र के सिरोड़ी में बीती रात एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार राधा चौधरी पिता अंबालाल चौधरी निवासी बोदियाना ने करीब 4 वर्ष पूर्व सिरोड़ी निवासी मोहन पिता शंकर लाल से नाता विवाह किया था। मोहनलाल वर्तमान में एनडीपीएस प्रकरण में जिला जेल में बंद है। बीती रात राधा चौधरी ने अपने पति के किसी परिचित को फोन कर उसकी जमानत कराने और खुद दुनिया छोड़ने की बात कही। जिस पर उस व्यक्ति ने सिरोड़ी निवासी कुछ परिचितों को फोन कर मामले की जानकारी दी जिन्होंने मोहनलाल के घर जा उसकी मां मांगी देवी को बताया जिस पर ग्रामीणों ने राधा चौधरी के कमरे की खिड़की से झांककर देखा तो वह फंसी के फंदे पर लटकी दिखाई दी। इस पर चंदेरिया थाना पुलिस को सूचित किया गया सूचना मिलने पर सहायक उप निरीक्षक प्रेम शंकर मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतारकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया। मृतका मोहनलाल के घर पिछले करीब 4 वर्षों से रह रही थी। मृतका राधा की बहन गंगा और पुष्पा ने बताया कि मोहनलाल के पूर्व में तीन विवाह हो चुके हैं। मृतका के परिजनों ने पति सहित ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की रिपोर्ट दी है।

राह चलती लड़की के हाथों से छीना मोबाईल

बांसवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में मोटर साईकिल सवार दो युवाओं ने राह चलती लड़की के हाथ से मोबाईल छीन लिया। सामाजिक कार्यकर्ता अशोक मदहोश ने बताया कि कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा पैदल सड़क पार कर रही थी कि यह घटना हुई। छात्रा बीमार होने की वजह से चिगा नहीं पायी लेकिन घटना देखकर मदहोश उसके पास पहुंचे और पीड़िता को लेकर सूरजपोल चौकी गये। जिस पर सिपाही पृथ्वीपाल अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाई गयी। बताया जाता है कि छात्रा डेगली माता चौक क्षेत्र में किराये के मकान में रहती है।

टैक्टर-बाइक टक्कर में एक की मौत

खेरोदा (प्रातःकाल संवाददाता)। थाना क्षेत्र में शनिवार शाम को एक टैक्टर व मोटरसाईकिल की टक्कर हो गई जिसमे एक युवक को मौत हो गई वहीं एक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार हमेरपुरा - निमड़ी मार्ग पर मोटरसाईकिल चालक जगदीश पिता जोधराज भील निवासी बामनिया उम्र 24 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई एवं घायल पवन पिता भेरू लाल निवासी मदिगपुरा, मनोहर पिता मुकेश रावत निवासी अमरपुरा दोनों घायलों को भिंडर चिकित्सालय लेकर गए। साथ ही मृतक जगदीश पिता जोधराज़ भील को खेरोदा सीएचसी लाया गया जहां रविवार को पोस्टमार्टम कर लाश परिजनों को सुपुर्द की गई। घटना स्थल पर खेरोदा थाना हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार मय जाप्ता पहुंचा। टक्कर होने के बाद टैक्टर चालक घटना स्थल से फरार हो गया।

कार से उतरे उदयपुर के दो दोस्तों को वाहन ने लिया चपेट में, एक की मौत

भीलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। सफर के दौरान अजमेर-भीलवाड़ा हाइवे पर 29 मिल चौकी से आगे लघुशंका के लिए रुके दो दोस्तों को देर रात वाहन ने चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। हादसे के दौरान इनका एक साथी कार में ही बैठा था। गुलाबपुरा थाना प्रभारी पूरणमल मीणा ने बताया कि उदयपुर निवासी तीन दोस्त बीती देर रात कार से जयपुर से उदयपुर जा रहे थे। इस दौरान 29 मिल चौकी से आगे इन लोगों ने लघुशंका के लिए कार रोकी। कार से प्रशांत शर्मा , एक साथी नितिन के साथ कार से उतरा। वहीं इनका एक साथी नवीन कार में बैठा था। इसी दौरान एक वाहन ने प्रशांत व नितिन को चपेट में ले लिया। हादसे में प्रशांत की मौत हो गई। वहीं नितिन घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद प्रशांत का शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

इनोवा से 228 किलोग्राम अवैध डोडाचुरा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। सदर चित्तौड़गढ़ थाना पुलिस ने हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान एक ईनोवा कार से 228 किलो अवैध डोडाचुरा जब्त कर पंजाब निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ हेतू एएसपी परबत सिंह व वृत्ताधिकारी तेजकुमार पाठक के निर्देशन में थानाधिकारी सदर गजेन्द्र के सुपरविजन में थाना सदर चित्तौड से उ.नि. महेन्द्र सिंह के नैतृत्व में हैड कानि. सुरेन्द्र सिंह, कानि. बलवंत सिंह, हेमव्रत सिंह, भजन लाल, विनोद कुमार व मनोहर सिंह द्वारा हाईवे रोड पर नाकाबंदी के दौरान कोटा नीमच की तरफसे आई ईनोवा कार के चालक को रोकने का इशारा किया तो चालक द्वारा ईनोवा कार को नहीं रोका। जिस पर कार को स्टोप स्टीक एवं बैरीयर लगाकर रोका। चालक की गतिविधी संदिग्ध होने से कार की तलाशी ली तो अन्दर प्लास्टिक के 15 कट्टो में कुल 02 क्विंटल 28 किलो अवैध अफीम डोड़ाचुरा जब्त कर चालक पंजाब के भटिंडा जिले के पक्का साहेब गुरुद्वारे के पास बोड़ीपुरा थाना भगतापाई निवासी मनप्रित सिंह उर्फ मन्नु पुत्र बलवीर सिंह जाट को गिरफ्तार कर कार को जब्त की गई। जब्त शुदा डोडा चुरा के सम्बंध में पूछताछ जारी हैं। उक्त कार्यवाही में कानि. हेमव्रत सिंह व भजन लाल की विशेष भूमिका रही।

डोडा चूरा तस्करी मामले में 3 साल से फरार वांछित गिरफ्तार

निम्बाहेड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। नारकोटिक्स विभाग नीमच द्वारा जब्त किए 444 किलो डोडा चूरा के मामले में 3 साल से फरार कनेरा थाने के बांगेड़ा घाटा निवासी एक आरोपी को जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार चोरी की बरामदगी पर संदिग्धों को डिटेन कर पूछताछ में खुलासा हुआ। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि शहर से एक कार चोरी के मामले में पुलिस व साइबर सेल कार बरामद कर गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही थी। गिरफ्तार आरोपियों ने चोरी की गई कार को कनेरा थाने के बांगेड़ा घाटा की तरफ बेचने जाना बताया।

साइबर सेल व पुलिस टीम ने वाहन चोरी में संदिग्ध की तलाश के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों कनेरा थाने के बांगेड़ा घाटा निवासी राजू धाकड़ व समर्थ पिता सत्यनारायण धाकड़ को डिटेन कर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान समर्थ पिता सत्यनारायण धाकड़ ने नारकोटिक्स ब्यूरो नीमच द्वारा वर्ष 2021 में 444.270 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त किया था जिसमें वह वांछित था और नारकोटिक्स विभाग से बचने के लिए गांव छोड़कर फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी कनेरा थाने के बांगेड़ा घाटा निवासी समर्थ पुत्र सत्यनारायण धाकड़ को डिटेन कर नारकोटिक्स विभाग नीमच को सूचना दी।

सर्पदंश से खेत पर काम कर रहे वृद्ध की मौत

उदयपुर. नगर संवाददाता। शहर के बड़गांव थाना क्षेत्र में खेत में काम कर रहे वृद्ध की सर्पदंश से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पेमा (68) पुत्र दौलाजी गमेती निवासी लोसिंग 24 जून की सुबह खेत पर अकेले काम कर रहे थे। इस दौरान सांप ने उन्हें काट लिया। जिससे वह बेसुध हो गए। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजन उन्हें तलाशते हुए खेत पहुंचे। जहां उन्हें बेसुध अवस्था में पड़ा देखा, उन्हें एमबी हॉस्पिटल लेकर आए जहां उनका इलाज चल रहा था। 29 जून को वृद्ध ने दम तोड़ दिया।

जल जीवन मिशन में काम करने वाले मजदूरों से लूटपाट करने में दो ओर गिरफ्तार

उदयपुर. नगर संवाददाता। जिले की ऋषभदेव थाना क्षेत्र में जल जीवन मिशन में काम रहे मजदूरों से मारपीट व लूटपाट करने में दो ओर आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि 10 जून को बिलख गडावत ऋषभदेव में चल रहे जल जीवन मिशन योजना के ठेकेदार चरण सिंह पुत्र तेजसिंह रावत ने मामला दर्ज करवाया कि 9 जून को व अपने साथी मजदूर प्रतापसिंह, भरत सिंह, रतन सिंह, अभिषेक, उम्मेद व अन्य मजदुर सभी ग्राम पंचायत भवन गडावत के छत पर सो रहे थे तभी अचानक 10-15 लोग अपने मुंह पर कपडा बांध कर हाथों में तलवार लेकर पंचायत भवन आए व सभी को डरा धमका कर उसके पास से 15 हजार रूपए नकद, मशीनों का रखा डीजल एवं फ्युजन मशीन, मोबाईल ले गए। जाते समय बोलेरों के शीशे फोड कर नुकसान किया। प्रकरण में पुलिस ने पूर्व में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चूका है।

एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारम्भ, 51 पौधे रोपकर आजीवन रक्षा का संकल्प लिया

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। वरिष्ठ पर्यावरणविद भगवानदास झंवर की प्रेरणा से मॉर्निंग वॉक क्लब के सदस्यों एवं वरिष्ठजनों द्वारा इंदिरा गाँधी स्टेडियम में 51 पौधे मय ट्री गार्ड रोपकर आजीवन रक्षा का संकल्प लिया। रविवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में संरक्षक विधायक चन्द्रभानसिंह, क्लब संयोजक भोलाराम प्रजापत, प्रवीण सोनी, अरविन्द बल्दवा, बालमुकुंद जोशी, जगदीश डाड, जगदीश गेलड़ा, भरत जागेटिया, शैलेन्द्र झंवर, नवीन पटवारी, जगदीश मंडोवरा, निहालसिंह राठौड़, जितेन्द्र वैष्णव, अखिलेश भराड़िया, संजय सिसोदिया, प्रफुल्ल त्रिवेदी, गोपाल जाजू, राजेन्द्र सोडाणी, गणेश प्रजापत, राजेश शर्मा, राजकुमार सोनी, गजेन्द्र लड्ढा, राजेन्द्र सुराणा, संजय गर्ग, राजकुमार तोलंबिया, अनिल तंबोली, अनिल सुराणा, लविश मूंदड़ा, भागीरथ मालवीय, संजय गर्ग, राहुल गांछा, मिहीर बाघमार आदि ने पौधारोपण कर आजीवन रक्षा का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्मन की बात का 111वां एपिसोड भाजपा जिलाध्यक्ष मिठ्ठू लाल जाट के नेतृत्व में जिले भर में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा लाईव सुनकर सभी शक्ति केंद्रो पर एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया गया। जिलाध्यक्ष जाट ने सावा शक्ति केंद्र स्थित बाबा रामदेव मंदिर परिसर में मन की बात सुनकर घाटी वाले बालाजी परिसर में पौधा लगाकर एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया।

मधु चोरडिया बनी अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण ब्यूरो की जिलाध्यक्ष

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीके पाठक द्वारा ब्यूरो के राजसमंद जिले में विस्तार के लिए राजसमंद इकाई के लिए जिलाध्यक्ष पद पर मधु चोरडिया को नियुक्त किया गया। पाठक ने बताया कि मधु चोरडिया राजसमंद क्षेत्र में पूर्व में पार्षद रहते हुए अच्छा काम कर चुकी है और अभी विभिन्न संगठनों का नेतृत्व करते हुए लगातार सेवा के अच्छे कार्य कर रही है। इसी को देखते हुए इनको राजसमंद इकाई का काम बढ़ाने की जिम्मेदारी दी जा रही है। हमें विश्वास है कि इनके नेतृत्व में ब्यूरो राजसमन्द में अच्छी प्रगति करेगा। ब्यूरो के राष्ट्रीय धार्मिक सेल के अध्यक्ष ताराचंद ने इनके कार्यकाल के यशस्वी होने की कामना की साथ ही कहा कि मधु चोरडिया के नेतृत्व में संगठन का काम राजसमंद में तेजी से बढ़ेगा ऐसा मेरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि यहाँ की इकाई मानवाधिकार संरक्षण के लिए विभिन्न योजना बनाकर कार्य करें उनको जैसी भी मदद की जरूरत होगी हम पूरी सहायता करेंगे। मधु चोरडिया ने नवीन जिम्मेदारी के लिए व सहयोग के आश्वासन के लिए दोनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पैसे को लेने देने के मामले को लेकर मारपीट व तलवार बाजी

खेरोदा (प्रातःकाल संवाददाता)। खेरोदा थाना के अंतर्गत अमरपुरा खालसा गांव में दो पक्षों के बीच में पैसे के लेने देने के मामले को लेकर मारपीट व तलवारबाजी की। थानाधिकारी रामेग पाटीदार ने बताया की कैलाश पिता किशोर खटीक निवासी अमरपुरा व दिनेश पिता रामचंद्र खटीक एवम दिनेश की पत्नी रामकन्या पर मारपीट व तलवार बाजी से घायल हो गई जिनको खेरोदा सीएचसी पर लाया गया। प्राथमिक उपचार कर उदयपुर भेजा गया। घटना स्थल पर खेरोदा एएसआई लक्ष्मण लाल मय जाप्ता घटना स्थल पर पहुंचा जहा पर मौके पर कार्यवाही की गई।

एलएनटी मशीन से टूटा बिजली का तार, बड़ा हादसा टला

भटेवर (प्रातःकाल संवाददाता)। वल्लभनगर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत माल की टूस में फलेट गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर एक एलएनटी मशीन से बिजली का तार टूट गया। इसके बाद ग्रामीणों की सतर्कता से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। गांव के पूरण मेघवाल ने बताया की एक एलएनटी मशीन गांव में होकर के माइंस की तरफ जा रही थी। इस दौरान चालक की लापरवाही के कारण फलेट रोड पर बिजली का तार मशीन में आने से टूट गया।

बिजली का तार टूटने से करंट की स्थिति को देखकर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल बिजली विभाग के कार्यालय में लाइनमैन को सूचना देकर बिजली की आपूर्ति को बंद करवाया। बिजली का तार टूटने के बाद मोहल्ले में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर लाइनमैन ने मौके पर पहुंचकर बिजली के तार को सही किया। इसके बाद पुनः गांव में बिजली आपूर्ति शुरू की गई। ग्रामीणों ने बताया की आसपास माइंस एरिया होने से भारी वाहन गांव के अंदर होकर गुजरते रहते हैं। जिससे कई बार बड़े हादसे होने से बच गए। ग्रामीणों ने गांव के अंदर भारी वाहनों के प्रवेश को रोकने की मांग की है।

ICICI Home Finance | कॉरपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी- कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, दुकान नं. 91-92, न्यू क्लॉथ मार्केट, श्री गंगानगर, राजस्थान- 335001

(नियम 8(6) के प्रावधान देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।

इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका **भौतिक कब्जा** अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को यहां दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक	प्रतिभूत मालमत्ता के साथ ज्ञात भार, कुछ हो तो तफसील	धकबाकी रकम	रक्षित मूल्य रु. में / बयाना राशि जमा रु. में	मालमत्ता परीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	राजेश कुमार (उधारकर्ता) सुभाष कुमार, (सह-उधारकर्ता) सरला देवी, (सह-उधारकर्ता) प्रभु दयाल अग्रवाल (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या NHSTG00001254527 और NHSTG00001254520	संपत्ति आवासीय प्लॉट पट्टा संख्या 979 वार्ड संख्या 16, सूरतगढ़ तह. सूरतगढ़ जिला श्री गंगानगर	रु. 21,34,454/- 24 जून, 2024	रु. 31,94, 640/- / रु. 3,19,470/-	22 जुलाई, 2024 11:00 पूर्वाह्न 03:00 अपराह्न	09 अगस्त, 2024 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजन्सी **ग्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल धकबाकी रकम का 08 **अगस्त, 2024** को **शाम** 05.00 तक आगे के ब्याज के साथ प्रदान करने के लिए सूचना दी जाएगी अन्यथा, सदर प्रतिभूत मालमत्ता की अनुसूची अनुसार बिक्री की जाएगी।
प्रस्तावित बोलीदार सदर बयाना राशि जमा के साथ (रकाना क्र. ई) में संदर्भित) मुहरबंद लिफाफा में सुपरस्क्राईब्ड मालमत्ता के खरीद के लिए प्रस्ताव उनके प्रस्ताव **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम तल, दुकान नं. 91-92, न्यू क्लॉथ मार्केट, श्री गंगानगर, राजस्थान-** 335001 तहत **दि.** 08 **अगस्त,** 2024 को **4.00 बजे** तक भेजे एवं पेश करें। कृपया प्रस्तावित बोलीदार उपरी निर्देशित समय के अनुसार उनके प्रस्ताव निविदा दस्तावेज के हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम तल, दुकान नं. 91-92, न्यू क्लॉथ मार्केट, श्री गंगानगर, राजस्थान-** 335001 तहत **दि.** 08 **अगस्त,** 2024 को **शाम** 5.00 **बजे** के पहले पेश करें। बयाना रकम जमा ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/शेड्युल्ड बैंक से योग्य निलामी आयोजन **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लि.** - निलामी के नाम से **श्री गंगानगर** तहत पेश करें।
जांच के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, निलामी के नियम एवं शर्तें एवं निविदा को पेश करने के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड** के मो. क्र. 9920807300 पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्सलेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के वेबसाइट **https://www.icicihfc.com/** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 02-जुलाई-2024
स्थान : श्री गंगानगर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड